घर : महिलाओं के लिये सबसे असुरक्षित स्थान

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र ड्रग्स और अपराध कार्यालय (United Nations Office on Drugs and Crime- UNODC) ने एक रिपोर्ट जारी की जिसके अनुसार, महिलाओं के लिये सबसे सुरक्षित माना जाने वाला घर ही उनके लिये सबसे असुरक्षित है।

क्या कहती है UNODC की रिपोर्ट?

- वर्ष 2017 में 87,000 महिलाओं की हत्या हुई जिनमें से लगभग 50,000 या 58% महिलाओं की हत्या उनके पार्टनर या परिवार के सदस्यों द्वारा की गई।
- उपरोक्त आँकड़े यह दर्शाते हैं कि हर एक घंटे में लगभग 6 महिलाओं की हत्या उनके परिचितों द्वारा ही की गई।
- इस अध्ययन के अनुसार, पार्टनर या पारिवारिक सदस्यों द्वारा महिलाओं की हत्या की वैश्विक दर प्रति 100,000 महिला आबादी पर 1.3 थी।
- भौगोलिक वितरण के आधार पर अफ्रीका और अमेरिका ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ पार्टनर या परिवार के सदस्यों द्वारा महिलाओं की हत्या किये जाने का जोखिम सबसे अधिक है।
- अफ्रीका में प्रति 100,000 महिला आबादी में पीड़ित महिलाओं की दर 3.1 थी, जबकि अमेरिका में यह दर 1.6, ओशिनिया (Oceania) में 1.3 और एशिया में 0.9 थी। यूरोप में यह दर सबसे कम यानी 100,000 महिला आबादी पर 0.7 थी।
- अध्ययन के अनुसार, महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिये बने कानून और कार्यक्रमों के बावजूद, पार्टनर/पारिवारिक सदस्यों से महिलाओं की सुरक्षा के मामलों में कोई वास्तविक प्रगति नहीं हुई है।

आगे की राह

- लैंगिक आधार पर होने वाली हत्याओं को रोकने और समाप्त करने के लिये लक्षित आपराधिक न्याय प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता है।
- UNODC द्वारा जारी यह शोध महिलाओं के खिलाफ हिंसा के लिये प्रभावी अपराध निवारण और आपराधिक न्याय प्रतिक्रिया की आवश्यकता को उजागर करता है।
- पुलिस और न्याय प्रणाली के साथ-साथ स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं के बीच अधिक समन्वय स्थापित करने के साथ ही प्रारंभिक शिक्षा के माध्यम से समाधान प्रक्रिया में पुरुषों को शामिल करने की आवश्यकता है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस (International Day for the Elimination of Violence Against Woman)

- 25 नवंबर को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- इस दिवस का उद्देश्य पूरी दुनिया में महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा के प्रति लोगों को जागरूक करना है।
- वर्ष 2018 के लिये इस दिवस की थीम 'ऑरेंज द वर्ल्ड: # हियरमीटू' (‘Orange the World: #HearMeToo’) है।
- इसमें ऑरेंज अर्थात् नारंगी, एकजुटता के सूत्र में बांधने वाला रंग है और #HearMeToo हैशटैग का चुनाव स्पष्ट रूप से यह संदेश देने के लिये किया गया है कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा अब बंद होनी चाहिये और इसके लिये सबको अपनी भूमिका निभानी चाहिये।

UNODC के बारे में

- UNODP संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत एक कार्यालय है जिसकी स्थापना वर्ष 1997 में यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल ड्रग कंट्रोल प्रोग्राम (United Nations International Drug Control Program-UNDCP) और संयुक्त राष्ट्र में अपराध निवारण और आपराधिक न्याय विभाग (Crime Prevention and Criminal Justice Division) के संयोजन द्वारा की गई थी।
- उस समय इसकी स्थापना दवा नियंत्रण और अपराध निवारण कार्यालय (Office for Drug Control and Crime Prevention) के रूप में की गई थी। वर्ष 2002 में इसका नाम बदलकर संयुक्त राष्ट्र ड्रग्स और अपराध कार्यालय (United Nations Office on Drugs and Crime-UNODC) किया गया।
- इसका मुख्यालय वियना, ऑस्ट्रिया में है।
- वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट (World Drug Report) इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित प्रमुख रिपोर्ट है।

स्रोत : UNODC वेबसाइट

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/home-the-most-dangerous-place-for-women